भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी

क्रमांक :– लेखा/2022–23/3914-21/22 दिनांक :- 06/07/22

ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 06/2022–23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) में एवं अन्य विभागों में 'AA' श्रेणी में पंजीबद्व संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर बीडा में पंजीबद्व सक्षम संवेदक द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागों में पंजीबद्व सक्षम संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क पृथक–पृथक रूप में RTGS / NEFT भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) के नाम अपलोड करने की निर्धारित तिथि तक जमा करानी होगी।

निविदा सं. –	ऑनलाईन निविदा विक्रय /डाउनलोड करने की तिथि	ऑनलाईन निविदा अपलोड/प्राप्ति अवधि	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
6	08.07.2022 को प्रातः 9.30 से 27.07.2022 सांय 4.00 बजे तक	27.07.2022 सांय 4.00 बजे तक	28.07.2022 को दोपहर 02.00 बजे

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानत राशि		निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	अधिशाषी अभियन्ता
			0.5%	2%			
1	अलवर बाईपास सडक (SH-25) का चौडाईकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य।	3586.00	1793000.00	7172000.00	5900.00	12 माह	प्रथम
		3586.00					

निविदा की समान्य शर्तेः–

1 क्र. सं 1 पर अकिंत कार्यो की दोष निवारण अवधि (Defect Liability Period) 5 वर्ष होगी एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि शामिल हैं।

2 यदि निविदादाता समय से परफॉरमैन्स गारन्टी जमा नही कराता है, अनुबन्ध के अनुसार कार्य नही करता है कार्य प्रारम्भ अथवा समय पर पूर्ण नही करता है तो PW F&AR IV Edition Part-II के Section VIII Standard code के तहत डी–बार/Suspension/Blacklist की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

3 निविदादाता को 100 रू0 का शपथ–पत्र ऑनलाईन निविदा के साथ अपलोड करना होगा की उसे किसी विभाग से डी–बार/ब्लैक लिस्ट नही किया गया है। अन्यथा उसकी निविदा पर विचार नही किया जायेंगा।

4 यदि निविदादाता का बीडा के साथ किसी न्यायालय या अन्य कही विवाद चल रहा है या निविदादाता द्वारा कार्य अधुरा छोड दिया जाता है तो उसकी निविदा पर विचार नही किया जायेंगा।

5 प्रत्येक निविदादाता द्वारा निविदा के साथ जी.एस.टी. पंजीयन रजिस्ट्रेशन प्रति एवं पी.एफ. पंजीयन की प्रति अपलोड़ करनी होगी तभी निविदा पर विचार किया जावेगा।

6 राशि 50 लाख से अधिक के कार्यो के लिए Third Party (MNIT) निरीक्षण एवं जॉच करवाने की व्यवस्था संवेदक को करनी होगी एवं समस्त हर्जा–खर्जा संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा।

7 संवेदक को सिविल कार्यो के क्रियान्वन के दौरान C & D waste management rules 2016 एवं Solid waste management rules के प्रावधानो की पालन करनी होगी। इसकी पालना वास्ते 500/– रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा। यथा निर्माण सामग्री का ढककर परिवहन किया जाना होगा साथ ही साईट पर ढककर रखवाना होगा। डेमोलिशन वेस्ट का उचित निस्तारण किया जाना होगा। साईट पर वायु प्रदूषण को रोकने हेतु NGT/RPGB द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार समस्त उपाय करने होगें। इस सभी शर्तो की पालना न किये जाने पर नियमानुसार शास्ति लगाई जावेगी।

8 संवेदक को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य पूर्ण के फोटो लगाने होगे एवं साईट पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य का विवरण सहित बोर्ड लगाना होगा जिस पर होने वाला व्यय संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा।

9 निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र बीडा कार्यालय मे निविदा विक्रय तिथि की अवधि में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक देखा जा सकता है।

10 प्रोसेसिंग शुल्क 50 लाख तक के कार्यो हेतु 590/– एवं 50 लाख से अधिक के कार्य हेतु 1180/– मय (जी.एस.टी.) प्रत्येक कार्य का पृथक–पृथक भुगतान RTGS / NEFT भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) के नाम कराना होगा।

11 निविदा की धरोहर राशि का RTGS / NEFT/BG "Chief Executive Officer, BIDA Bhiwadi" के नाम से ऑनलाईन निविदा फार्म विक्रय/डाउनलोड एवं अपलोड करने की अन्तिम तिथि तक का ही स्वीकार्य होगा। मूल BG दिनांक 28.07.2022 तक प्रातः 11:30 बजे तक बीड़ा भिवाड़ी कार्यालय में जमा करानी होगी। निविदादाता को UTR NO. (UNIQUE TRANSACTION REFERENCE NUMBER) & Bank Statement की प्रमाणित प्रति भी जिसमें प्रत्येक कार्य की पृथक–पृथक अमानत राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क (MD RISL) का भुगतान भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) के नाम किया गया है। निविदा के साथ अपलोड करना होगा। (बीड़ा) भिवाडी के खाते का विवरण निम्न प्रकार से है :– **Name of Bank - ICICI BANK Branch - Genesis Mall, Bhiwadi Account No. - 349401000223 IFSC Code - ICIC0003494**

12 संवेदक द्वारा अपनी ईमेल आईडी, फोन नम्बर एवं वर्तमान पता उल्लेखित किया जावे।

13 निविदा की समस्त प्रकिया ऑनलाईन होगी, निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश / अवकाश के कारण यदि सारी निविदाएं नही खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदाएं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

14 राजस्थान भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार नियम 2009 के सम्बंध में जारी अधिसूचना दिनांक 30.04.2009 के अनुसरण में बीडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो के रनिंग/अन्तिम बिलों के भुगतान पर 1 प्रतिशत श्रम उपकर भी देय होगा। GST सम्बन्धी भुगतान का दायित्व संवेदक का होगा बीडा द्वारा पृथक से भुगतान नही किया जायेगा।

15 राज्य सरकार के नियमानुसार सभी संवेदको को एवं उनके अधीन कार्य करने वाले सभी श्रमिको का पंजीयन श्रम विभाग में किया जाना आवश्यक है।

16 उपरोक्त निविदा को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा।

17 सशर्त निविदाऐं मान्य नही होगी एवं निविदा वैद्यता (Bid validity) अवधि 90 दिवस तक मान्य होगी। यदि निविदादाता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तों में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापिस लेता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

18 आर0पी0डब्ल्यू0ए0 – 100 की समस्त शर्ते लागू होगी।

19 भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा) द्वारा अपलोड की गई समस्त शर्ते संवेदक को मान्य होगी।

20 इस कार्य की निविदा हेतु पात्र संवेदक का पंजीयन "एए" श्रेणी में होना आवश्यक है।

21 सड़क कार्य के लिये पोटेन्शियल असैसमेंट/ पोस्ट क्वालिफिकेशन पद्धति अपनाई जावेगी। तकनीकी आंकलन में सफल निविदाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी जिसके खोलने की सूचना निविदाताओ को उनके द्वारा दिये हुये ई–मेल पते पर दे दी जावेगी। "पीडब्ल्यूएफ एण्ड आर के नियम 331 में वर्णित पद्धति अनुसार पोटेन्शियल असैसमेंट/ पोस्ट क्वालिफिकेशन पद्धति के अन्तर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती है एवं श्रीमान सचिव, सा.नि.वि., राजस्थान सरकार, जयपुर के परिपत्र सं एफ.8(27)/पीडब्लयू/डी–342 दिनांक 19.12.2019 के अनुसार निविदा की प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

22 वस्तु एवं सेवाकर (GST) दिनांक 01.07.2017 से प्रभावी होने के कारण निविदाताओं (Bidder) का नियमानुसार GST में पंजीयन कराया जाना अनिवार्य हैं। GST प्रावधानों के अनुसार संवेदको को GST से सम्बंधित समस्त (Tax) जमा कराना अनिवार्य होगा तथा इसके प्रावधानों के नियमानुसार संवेदको कें बिलो में से कटौतीयां की जावेगी।

23 यदि नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त संबंधी व उनके पति / पत्नी) कार्य से संबंधित वृत्त अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियन्ता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसे कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

24 राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृत्ति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेंगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की स्वीकृति उक्त लिखित नहीं ली है तो अनुबंध रद्द किया जा सकेगा।

25 राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 (RTPP Act 2012) एवं राजस्थ लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (RTPP Rules 2013) की समस्त शर्ते मान्य होगी।
यह बोली लगाने वाले दस्तावेजो या सविदा मे उपलब्ध अवलम्बन के अतिरिक्त ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा जो पचास लाख रूपये या उपापन के निर्धारित मूल्य के दस प्रतिशत जो भी कम हो, तक हो सकेगा।

26 वित्त (जी एण्ड टी०) विभाग की अधिसूचना दिनांक 22 अक्टूबर 2021 के अनुसार Unbalance Bid होने पर सफल निविदादाता द्वारा Additional Performance Security देय होगी।

27 निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन होगी तथा अन–आवश्यक दस्तावेज अपलोड न करें।

28 **ई – टेन्डरिंग के लिये निविदादाता हेतु निर्देश**

अ. इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदा दाता निविदा प्रपत्रो को इन्टरनेट साइट से डाउनलोड (Download) कर सकते है।

ब. निविदाताओं को ईन्टरनेट भाग "www.eproc.rajasthan.gov.in निविदाओं में लेने "www.eproc.rajasthan.gov.in" में भाग लेने के लिए डिजिटल वाले साइट पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा निविदा सर्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट – 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा । निविदा दाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी.सी.ए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है । जिन निविदा दाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

स. निविदा दाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा । जिनके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होगें , उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें । कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।

द. इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्र को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी है।

य. कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।

र. टेंडर के प्रपत्र में आवश्यक सभी सूचियों/सूचनाओं को संपूर्ण रुप से पढ़े एवं पूर्तिकर ऑन लाईन अपलोड करें।

अधिशाषी अभियन्ता
भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण

क्रमांक/लेखा/निविदा/2022–23/ दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1 श्रीमान निजि सहायक माननीय मिनिस्टर इन्चार्ज डी.एम.आई.सी. एवं अध्यक्ष महोदय, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण,

2 श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।

3 श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।

4 वरिष्ठ लेखाधिकारी, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।

5 संबंधित सहायक अभियन्ता (सिविल), भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।

6 संबंधित कनि0 अभि0, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।

7 कैशियर/नोटिस बोर्ड, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।

8 प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान सवांद सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग परिसर शा

9 प्रभारी अधिकारी आई.टी./सहायक प्रोग्रामर भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण,भिवाडी (बीडा) भेजकर लेख है कि राजस्थान राज्य के परिपत्र संख्या एफ. 2(4) एमडी/ईएक्सपी – तृतीय/99 दिनांक 13.01.2005 की अनुपालनार्थ सम्बधित विभाग को ई–मेल करे। बीडा की बेवसाईट स्टेट पब्लिक प्रोक्यूमंट पोंटल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in ई–पोंटल http://eproc.rajasthan.gov.in निविदा/सूचना अपलोड के पश्चात दिनांक की सूचना सम्बधित को उपलब्ध करावे एवं राजस्थान सवांद के माध्यम से सूचना प्रकाशक हेतु classified.samwad@gmail.com पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करे।

अधिशाषी अभियन्ता
भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण